हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 9 अक्टूबर 2025

नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

04 विधायक और कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने की पीड़िता ...



07 ढाई दशक से जारी रक्तदाता सम्मान ने बढ़ाई ...



## खबर संक्षेप

### कफ सिरप घटना के विरोध कैंडल मार्च आज

**नर्मदापुरम।** मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में जहरीले कफ सिरप से हुई 16 मासूम बच्चों की दुःखद मौत ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है। कई बच्चे अब भी अस्पताल में ज़िंदगी की जंग लड़ रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, जीतू पटवारी ने स्वयं घटना स्थल पर पहुँचकर पीड़ित परिवारों से भेंट की है और उनके प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। इस हृदय विदारक घटना पर, पटवारी के निर्देशानुसार दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि देने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग करने 9 अक्टूबर को सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में एक साथ केंडल मार्च निकाला जाएगा।

### महाविद्यालयीन कबड्डी स्पर्धा में छात्रों का चयन

**नर्मदापुरम।** ओरिएंटल इंस्टिट्यूट ऑफ़ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, भोपाल में अध्यनरत नर्मदापुरम के दो छात्र—अखिल राजपूत और आकाश सिंह राजपूत का चयन बेस्ट ज़ोन यूनिवर्सिटी कबड्डी चैंपियनशिप 2025 के लिए हुआ है। कोच नीलेश यादव ने बताया कि दोनों छात्रों ने नर्मदापुरम और विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है तथा आगे विश्वविद्यालय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्राप्त किया है।

### मंदिर का हो रहा था जीर्णोद्धार, एसआई चौहान ने रुकवाया काम

# चित्रगुप्त मंदिर में मरम्मत रुकवाने पर कायस्थ समाज में उपजा आक्रोश

शहर के प्रसिद्ध चित्रगुप्त मंदिर में चल रहे मरम्मत कार्य को एसआई द्वारा रोके जाने पर विवाद हुआ। इस दौरान कायस्थ समाज ने विरोध जताया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर के चित्रगुप्त घाट स्थित भगवान चित्रगुप्त का प्राचीन मंदिर क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र है। मान्यता है कि जो भी श्रद्धालु यहां सच्चे मन से प्रार्थना करता है, उसकी मनोकामना अवश्य पूर्ण होती है। मंदिर की छत और दीवारों में दरारें आने व बारिश के कारण पानी टपकने से मंदिर के जीर्णोद्धार का कार्य कायस्थ समाज की वरिष्ठ सदस्य एवं सेवानिवृत्त शिक्षिका मंजू श्रीवास्तव के नेतृत्व में चल रहा था। मंजू श्रीवास्तव कायस्थ समाज मंदिर ट्रस्ट की अध्यक्ष भी हैं। मंदिर में जारी यह मरम्मत कार्य अचानक एस आई जितेंद्र कुमार चौहान के हस्तक्षेप से रुकवा दिया गया। बताया जा रहा है कि कोतवाली में पदस्थ श्री चौहान ने अपने अधीनस्थ आरक्षक को भेजकर मंदिर परिसर में चल रहे कार्य को रोकने के मौखिक आदेश दिए।



### सदस्य बोले अधिकार पुलिस को नहीं

समाज का कहना है कि किसी धार्मिक स्थल पर कार्य रोकने का अधिकार पुलिस को नहीं, बल्कि राजस्व विभाग के तहसीलदार या एसडीएम को होता है। इस कार्रवाई से कायस्थ समाज सहित अन्य श्रद्धालुओं में आक्रोश फैल गया है। समाजजनों का कहना है कि मंदिर सौ वर्ष पुराना और अत्यंत चमत्कारिक है, जहां सभी समाजों के लोग भगवान चित्रगुप्त के दर्शन हेतु प्रतिदिन आते हैं। बारिश से क्षतिग्रस्त छत और दीवारों की मरम्मत समाजजन अपनी क्षमता से करवा रहे थे ताकि श्रद्धालुओं को असुविधा न हो।

### विधायक ने कहा था, मंदिर के लिए मिलेगी मदद

चित्रगुप्त घाट पर बने चित्रगुप्त मंदिर को लेकर विधायक डॉ सीता शरण शर्मा ने भी कहा था कि नर्मदा कॉरिडोर बनने के साथ विधायक निधि से मंदिर को भी बनाने का कार्य किया जाएगा। यह घोषणा विधायक ने समाज के एक कार्यक्रम में की थी । इस मंदिर के नवनिर्माण में यथासंभव विधायक निधि से और सरकार से मदद दिलाई जाएगी ।भगवान चित्रगुप्त सबके आराध्या हैं न्याय के देवता हैं। ज्ञात हो कि चित्रगुप्त मंदिर के कुछ जमीन और कुछ हिस्से का मामला न्यायालय में विचाराधीन है। चित्रगुप्त भगवान सबके आराध्य और यहां सभी वर्ग के लोग दर्शन पूजन करने आते हैं। यहां मरम्मत का कार्य करवाया जा रहा है वह भी सभी के समाज के सहयोग से कोतवाली से फोन आया था की मंदिर निर्माण का रोका जाए यह गलत है । इस मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक और कलेक्टर से मिलेंगे।

### समाज ने किया तीव्र विरोध

कायस्थ समाज ने तीव्र विरोध दर्ज करते हुए कहा है कि वे इस विषय में कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, विधायक, सांसद और सीएम को ज्ञापन सौंपेंगे तथा मामले की जांच की मांग करेंगे। समाज के लोगों का कहना है कि भगवान चित्रगुप्त सबके आराध्य हैं, मंदिर हमारी आस्था का केंद्र है,कोतवाली एस आई जितेंद्र सिंह चौहान का कहना है कि मंदिर का काम रोकने के लिए हमारे पास आवेदन आया था । इस आवेदन के तहत इस काम को रोकने के लिए बोला गया है लेकिन मंदिर में धर्मशाला है उसे रोकने के लिए बोला गया है । भगवान चित्रगुप्त के मंदिर के निर्माण के लिए नहीं।

# बुधवाड़ा रोड बना शराबियों का अड्डा, लोगों के साथ बदसलूकी

### समस्या को लेकर टीआई को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पिछले कई दिनों से हरदा बायपास स्थित बुधवाडा रोड शराबियों का अड्डा बन गया है। शाम होते ही यहां शराबी आते हैं और रोड के पास स्थित खाली पड़े प्लाटों पर बैठते हैं और घंटों तक शराब पीते रहते हैं। इस दौरान वहां से गुजरने वाले राहगीर और महिलाओं के साथ अभद्रता भी करते हैं। इस मार्ग पर इस तरह की असामाजिक घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। इस सम्बन्ध में मंगलवार को श्रीरंग कालोनी निवासियों ने एक ज्ञापन भी देहात थाना टीआई सौरभ पांडे को एक ज्ञापन भी दिया।

### पूर्व सैनिक से अभद्रता

जानकारी के अनुसार पिछले दिनों कालोनी निवासी पूर्व सैनिक और जिला पूर्व सैनिक संगठन के उपाध्यक्ष किशोर कुमार के साथ कुछ शराबियों ने झूमा झटकी की। शराबियों ने उनसे चेन, पर्स और मोबाइल छीनने की कोशिश की। जब उन्होंने विरोध किया तो उनके साथ झूमा झटकी भी की है। कालोनी निवासियों ने बताया कि इसके पहले भी इस प्रकार की घटनाएं हो चुकी हैं।

### अवैध शराब की बिक्री

जानकारी के अनुसार रेवा सिटी के सामने वाले चौराहे पर ही कुछ लोगों द्वारा अवैध शराब खुलेआम बेची जा रही है। शराबी वहीं से शराब लेकर सड़क किनारे और खाली पड़े प्लाटों पर हम जाते हैं। उनके महफिलें देर रात तक चलती रहती हैं।

### करवाई का भरोसा

थाना प्रभारी पांडे ने लोगों की समस्या को गंभीरता से सुना और करवाई का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि आज से ही उस क्षेत्र में नियमित गस्त की जाएगी और संदिग्धों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### नपा द्वारा नगर में सख्ती से हटाए जा रहे अवैध अतिक्रमण

**नर्मदापुरम।** आगामी त्यौहारों के मद्देनजर नगरपालिका के अतिक्रमण दल द्वारा नगर की यातायात व्यवस्था सुगम बनाने के लिए मार्ग से अतिक्रमण हटाए जा रहे हैं। सड़क अवरूद्ध करने वालों को पूर्व में कई बार समझाइश भी दी चुकी है। अतिक्रमण दल प्रभारी सुनील राजपूत ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर नगर की यातायात व्यवस्था दुरुस्थ करने की कार्रवाई की जा रही है। अतिक्रमण दल प्रभारी श्री राजपूत ने बताया कि बुधवार को आदमगढ़ क्षेत्र में अतिक्रमण हटाया गया है। इसके अलावा सतरस्ते स्थित फल एवं सब्जी के ठेले वालों को अपने निर्धारित स्थान पर पहुंचाया गया।



### इटारसी भोपाल बीना के लिए चौथी लाइन की घोषणा का नारोलिया ने जताया आभार

**नर्मदापुरम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में रेलवे विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए 24,634 करोड़ रुपये की 4 नई रेल परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं। माया नारोलिया, राज्यसभा सांसद ने केंद्र सरकार द्वारा आज घोषित की गई 24,634 करोड़ रुपये की 4 नई रेल परियोजनाओं का हृदय से स्वागत करती हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में यह निर्णय भारतीय रेलवे के बुनियादी ढांचे को और सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। इन परियोजनाओं में इटारसी-भोपाल-बीना रूट पर चौथी रेल लाइन और वडोदरा-रतलाम रूट पर तीसरी और चौथी लाइन शामिल हैं, जो न सिर्फ मध्य प्रदेश, बल्कि गुजरात, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र के 18 जिलों को लाभ पहुंचाएंगी। विशेष रूप से इटारसी-भोपाल-बीना सेक्शन पर प्रस्तावित 237 किलोमीटर लंबी चौथी लाइन से इस क्षेत्र में माल और यात्री यातायात की गति में अभूतपूर्व सुधार होगा।



### निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कल

**नर्मदापुरम।** नर्मदा अपना अस्पताल द्वारा आमजन की सुविधा को ध्यान ने रखकर एक विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन 10 अक्टूबर, दिन शुक्रवार को प्रातः 11:00 बजे से 2:30 बजे तक,डबल फाटक हरदा बायपास , नर्मदापुरम स्थित नर्मदा अपना अस्पताल के प्रांगण में किया जाएगा। इस फ्री कैंप में भोपाल नर्मदा के प्रसिद्ध हार्ट सर्जन डॉ मोहित जैन, न्यूरो एवं स्पाइन सर्जन डॉ सौरभ श्रीवास्तव, ट्रॉमा एवं ऑर्थो स्पेशियलिस्ट डॉ राजेश शर्मा, जनरल सर्जन डॉ सौरभ रघुवंशी आदि शामिल रहेंगे।



## खबर संक्षेप

### पुलिस ने 18 गुम मोबाइल फोन बरामद कर फरियादियों को लौटाए

**सारनी।** थाना सारनी पुलिस ने सायबर डेस्क एवं सायबर मित्र की मदद से जनवरी से अक्टूबर के बीच गुम हुए 18 मोबाइल फोन ;कुल कीमत लगभग 3ए15ए000द्ध को ट्रेस कर वास्तविक मालिकों को वापस सौंप दिया है। यह कार्रवाई एसडीओपी सारनी सुश्री प्रियंका करचाम के पर्यवेक्षण एवं थाना प्रभारी जयपाल इनवाती के निर्देशन में की गई। थाना स्तर पर नियुक्त सायबर मित्र आरक्षक मोहित भाटीए प्रधान आरक्षक विवेक यादव एवं आरक्षक सुभाष मंडलोई की टीम ने संयुक्त रूप से यह सराहनीय कार्य किया। थाना प्रभारी जयपाल इनवाती ने बताया कि सायबर अपराधों से बचाव के लिए नागरिकों को लगातार जागरूक किया जा रहा है। गुम या चोरी हुए मोबाइल की शिकायत तुरंत दर्ज कराने से उसकी बरामदगी में आसानी होती है। जनता से अपेक्षा है कि वे सायबर सुरक्षा के प्रति सजग रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। एसडीओपी सुश्री प्रियंका करचाम ने पुलिस टीम के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि सायबर अपराधों की रोकथाम और तकनीकी माध्यमों से जनता की सहायता में सारणी पुलिस की यह पहल अनुकरणीय है।

### विद्युत मंडी पेंशनरों की मासिक बैठक 10 को

**बैतूल।** मध्यप्रदेश विद्युत मंडल पेंशनर एसोसिएशन की मासिक बैठक 10 अक्टूबर शुक्रवार दोपहर 12 बजे से कैम्पेन हाउस परिसर लिंक रोड बैतूल में आयोजित होगी। जिसमें अंशदायी कैश लैस चिकित्सा योजना की पूर्ण जानकारी के साथ योजना के संबंध में फैलाये जा रहे भ्रमए संशय पर नोडल कंपनी द्वारा दिए गए दिशा.निर्देश की जानकारी दी जाएगी। पेंशनर के साथ महंगाई राहत के संबंध में किए जा रहे भेदभावए तथा अनावश्यक रूप से राज्य पुनर्गठन आयोग की धारा 49;6द्ध के बहानेए केंद्र द्वारा घोषित तिथी व दर से पेंशनर को भुगतान नही करने पर विरोध स्वरूप आगामी रणनीति पर चर्चा एवं इसकी रुप रेखा पर सदस्यो के सुझावए जिसे केंद्रीय कार्यकारिणी के समक्ष विचार हेतु रखा जा सके पर चर्चा की जायेगी। शाखा अध्यक्ष डीके तिवारी ने सभी सदस्यों से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### सड़क के किनारे मिला युवक का शव, केस दर्ज

**बैतूल।** खंडला रोड पर बुधवार सुबह एक युवक का शव सडक़ किनारे पड़ा मिला। उसकी पहचान 38 वर्षीय हीरामन घोरसेए सुरगांव निवासी के रूप में हुई है। पुलिस शव पीएम के लिए भेजकर मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार हीरामन मंगलवार रात करीब 7 बजे अपने घर से निकले थे। रात भर वापस नहीं लौटे और बुधवार सुबह शव सडक़ किनारे देखा गया। उनके छोटे भाई दिनेश ने बताया कि हीरामन बकरियों को चारा देने के लिए घर से निकले थे। सुबह कोटवार ने शव सडक़ किनारे देखा और परिवार एवं पुलिस को सूचना दी। एएसआई संजय कलमे ने बताया कि युवक के शरीर पर सिरए कमर और पैरों पर गंभीर चोटें पाई गई हैंए जो एक वाहन की टक्कर से होने की ओर इशारा करती हैं। घटना की सूचना मिलते ही बैतूल बाजार थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को जिला अस्पताल भेजकर पोस्टमॉर्टम कराया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हीरामन अविवाहित थे और अपने छोटे भाई दिनेश के साथ रहते हुए मजदूरी करते थे। उनकी मौत से परिजनों में शोक है।

### लाइन क्षतिग्रस्त, आज जल सप्लाई रहेगी बाधित

**बैतूल।** गंज स्थित अंडरब्रिज पर रेलवे द्वारा सडक़ निर्माण कार्य के दौरान बुधवार दोपहर नगर पालिका की मुख्य पेयजल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई हैए जिसके चलते गुरुवार 9 अक्टूबर को निर्धारित क्षेत्रों में जल सप्लाई बाधित रहेगी। जल प्रदाय शाखा के प्रभारी धीरेन्द्र राठौर ने बताया कि अंडरब्रिज क्षेत्र में सडक़ का निर्माण कार्य चल रहा थाए इसी दौरान जेसीबी से खुदाई के समय मुख्य पाइपलाइन टूट गई। जिसके कारण नगर के कई हिस्सों में गुरुवार 9 अक्टूबर को पानी की सप्लाई बाधित रह सकती है।

परासिया में इलाज कराने के बाद और एक बच्चा गंभीर, नागपुर में वेंटिलेटर पर भर्ती

# विधायक और कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने की पीड़िता परिवारों से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

कोलड्रिफ सिरप से आमला ब्लाक के दो बच्चों की मौत की आशंकाओं के बाद अब एक और बच्चे को गंभीर हालत में नागपुर के मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया है। डॉक्टरों के मुताबिकए उसकी दोनों किडनियां फेल हो चुकी हैं और बच्चा वेंटिलेटर पर है। परिजन इलाज में कोलड्रिफ सिरप दिए जाने का आरोप लगा रहे हैं। वहीं बैतूल सीएमएचओ डॉ मनोज हुरमाडे ने जांच हेतु चार डॉक्टरों की समिति गठित की है।

गंभीर रूप से बीमार बच्चे की पहचानए आमला विकासखंड के ग्राम टीकाबर्री निवासी हर्ष पिता राकेश के रूप में हुई है। बच्चे के फूंफा निलेश ने बताया कि 4 अक्टूबर को नागपुर के अजनी स्थित मेडिकल कॉलेज में बच्चे को भर्ती कराया गया था। उसकी हालत पहले दिन जैसी ही बनी हुई है और डॉक्टरों ने कोई सकारात्मक उम्मीद नहीं जताई है। निलेश के अनुसारए 26 सितंबर को परासिया के डॉक्टर को हर्ष को दिखाया गया था। वहां पर्ची पर लिखी गई दवाएं दी गईं। लेकिन 1 अक्टूबर तक बच्चे की हालत बिगड़ गई। 4 अक्टूबर को नागपुर लाया गयाए जहां बच्चे का क्रिएटिनिन लेवल 250 ;द्वद्वद्ध पाया गया। निलेश ने इलाज से जुड़ा पर्चा और कथित तौर पर दी गई कोलड्रिफ सिरप की शीशी का फोटो भी साझा किया है। इस बीचए हरन्या पंचायत निवासी आदिवासी युवक मोहित धुर्वे के डेढ़ महीने के बेटे भानु की भी मौत 30 सितंबर को हो गई। बच्चे को सर्दी.खांसी की शिकायत पर 29 सितंबर को परासिया ले जाया गया था। अगले दिन उसने दम तोड़ दिया था।

## मेडिकल स्टोर्स की जांच के निर्देश, 2 स्टोर सील



बैतूल में संदिग्ध कफ सिरप कोलड्रिफ से बच्चों की मौत के मामलों के बाद जिला प्रशासन अलर्ट पर है। कलेक्टर नरेंद्र सूर्यवंशी के निर्देश पर जिले की दवा दुकानों और एजेंसियों की जांच की गई। इस दौरान दो मेडिकल स्टोर सील किए गएए जबकि यह सामने आया कि कोलड्रिफ सिरप पिछले 13 साल से जिले में नहीं बिका। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉण् मनोज हुरमाडे ने दवा दुकानों की सूची प्रशासन को सौंपी थी। इसके बाद सभी अनुविभागीय अधिकारियों ;एसडीएमद्ध को टीम बनाकर जांच के निर्देश दिए गए। तहसीलदारए नायब तहसीलदार और बीएमओ के नेतृत्व में जिलेभर में संयुक्त जांच अभियान चलाया गया। एसडीएम अभिजीत सिंह के नेतृत्व में बैतूल में मेडिकल एजेंसियों और दुकानों की गहन जांच हुई। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान पता चला कि कोलड्रिफ सिरप की जिले में न तो कोई एजेंसी है और न ही पिछले 13 वर्षों से इसकी बिक्री हुई है। आमला ब्लॉक के बोरदेही क्षेत्र में बीएमओ डॉण् अशोक नरवरे की टीम ने जांच के दौरान दो मेडिकल स्टोर सील किए। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में किसी भी प्रकार का प्रतिबंधित सिरप पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन की संयुक्त टीमें अभी भी जांच में जुटी हुई हैं।

### इनका कहना है

मृतक भानु के पिता मोहित के बयान दर्ज किए जा रहे हैंए जबकि टीकाबर्री गांव के हर्ष के नागपुर में भर्ती होने की विस्तृत रिपोर्ट भी मंगवाई जा रही है। इस मामले में जांच के लिए गठित चार डॉक्टरों की समिति अब तक बैतूल में मृत दोनों बच्चों के परिजनों के बयान दर्ज कर चुकी है। अभी हमीदिया और एम्स भोपाल से रिपोर्ट आना बाकी है।

**डॉ. मनोज हुरमाड़े**, सीएमएचओ, बैतूल

## विधायक डॉण् पंडाग्रे ने पीड़ित परिवारों से की मुलाकात




**बैतूल।** आमला विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे ने भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार, स्थानीय जनप्रतिनिधियों व प्रशासन की टीम और कार्यकर्ताओं के साथ आमला क्षेत्र के कलमेश्वरा एवं जामुनबिछुआ ग्रामों का दौरा किया। इस दौरान विधायक ने शोक.संतप्त परिवारों से भेंट कीए उन्हें सांत्वना दी और हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने जिला कलेक्टर और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से संपर्क कर प्रभावित क्षेत्रों में चिकित्सा दल भेजने के निर्देश दिए और यह सुनिश्चित करने का कहा कि भविष्य में ऐसी घटना की पुनर्रावृत्ति न हो। शोकाकुल परिवारों से भेंट के बाद डॉण् पंडाग्रे और श्री पवार ने आसपास के ग्रामों के जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों से संवाद भी किया। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि संदिग्ध या अमानक कफ सिरप बच्चों को न दें। साथ ही प्रशासन को निर्देशित किया कि क्षेत्र का गहन सर्वेक्षण किया जाए और किसी भी बच्चे में स्वास्थ्य संबंधी समस्या पाए जाने पर तुरंत रिपोर्टिंग और उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

## कांग्रेस अध्यक्ष डागा ने उठाई एक करोड़ मुआवजे की मांग



**बैतूल।** जिले के जामुन बिछुआ और कलमेश्वरा गांव में जहरीले सिरप से हुई मासूमों की मौत के बाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष निलय विनोद डागा ने पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उनका हाल जाना। श्री डागा ने इस हृदय विदारक घटना की निंदा करते हुए कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य नाम की कोई व्यवस्था नहीं है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि बैतूल जिले के आदिवासी बहुल इलाकों में न डॉक्टर हैंए ना पैरामेडिकल स्टाफ और ना ही जीवन रक्षक दवाएं उपलब्ध हैं। सरकार ने जिस जहरीले कफ सिरप को बिना जाँच किए अनुमति दीए वही मौत की वजह बन गया। कांग्रेस ने मृतकों के परिवार को एक.एक करोड़ रुपए का मुआवजा देनेए दोषियों पर आपराधिक प्रकरण दर्ज करने और पूरे मेडिकल सप्लाई चेन की न्यायिक जांच की मांग की है। साथ ही श्री डागा ने कहा कि अगर सरकार ने आँखें नहीं खोलींए तो कांग्रेस सडघें पर उतरकर आदिवासी क्षेत्रों की जानलेवा स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर बड़ा आंदोलन करेगी।

## आमला में शासकीय सेवकों के लिए अल्प विराम परिचय कार्यशाला का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार एवं मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के सहयोग से राज्य आनंद संस्थानए आनंद विभाग द्वारा विकासखंड आमला में शासकीय सेवकों के लिए आनंदित व्यवहार विषय पर एक दिवसीय अल्पविराम परिचय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला जनपद पंचायत आमला के सभागार में संपन्न हुई।

कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10 बजे मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। उद्घाटन सत्र में नारायण फरकलेए मास्टर ट्रेनरए राज्य आनंद संस्थान भोपाल द्वारा अल्पविराम विषय पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने आनंद की ओरए जीवन का लेखा.जोखाए चिंता का दायरा जैसे विषयों पर व्याख्यान देते हुए कार्यस्थल पर तनाव प्रबंधन एवं सकारात्मकता बनाए रखने के उपाय साझा किए। कार्यशाला में कुल पांच सत्र आयोजित किए गएए जिसमें महेश गुंजेले एवं सुश्री तूलिका पचोरीए मास्टर ट्रेनर्स ने आनंद की विभिन्न विधाओं पर प्रकाश डाला। समापन अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी पंकज दरोठिया तथा जनपद अध्यक्ष गणेश यादव ने भी उपस्थित रहकर प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में 12 विभागों से कुल 55 प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। ब्लॉक समन्वयक अरविंद माथनकर ने आभार जताया।

## भावांतर योजना का लाभ लेने वाहन रैली की गई आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

मध्यप्रदेश शासन की भावांतर योजना सोयाबीन के जिले में प्रचार प्रसार के लिए मोटर साईकलए फोर व्हीललरए वाहन रैली निकाली गई। यह रैली शिवाजी ओपन आडोटोरियम बैतूल से सुबह 10 बजे जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे एवं भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पंवार के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना की गई। वाहन रैली शिवाजी ओपन आडोटोरियम बैतूल से कोठी बाजार, मुख्य बस स्टेंड, थाना चौक रोड, गणेश चौक से होते हुए कॉलेज चौक, बाबू चौक, मस्जिद चौक, रेल्व स्टेशन रोड, मैकेनिक चौक, बडोरा चौक कृषि उपज मंडी बडोरा पहुंची।

तत्पश्चात गेंदा चौकए कारगील चौकए डॉण् भीमराव अंबेडकर चौकए पेट्रोल पंप चौकए कोठी बाजारए मुख्य बस स्टेचड होते हुये कार्यालय उप संचालक किसान कल्यापण तथा कृषि विकास विभाग बैतूल में समापन किया गया। वाहन रैली के पूर्व अतिथियों का स्वागत डॉण् आनंद कुमार बडोनिया उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास जिला बैतूल के द्वारा किया गया। भावांतर योजना अंतर्गत किसानों को सोयाबीन उपज का उचित मूल्यप प्रदान करने के लिए भावांतर योजना सोयाबीन खरीफ वर्ष 2025 राज्य शासन द्वारा प्रारंभ की गई है। किसान के द्वारा अधिसूचित कृषि उपज मंडी समिति के प्रांगण में विक्रय किये जाने पर राज्य शासन द्वारा निहित प्रक्रिया अपनाकर न्यूनतम सर्मथन मूल्य तथा घोषित मंडियों की मॉडल विक्रय दर के अंतर की राशि को भावांतर योजना सोयाबीन वर्ष 2025 अंतर्गत किसान के बैंक खाते में जमा किया जावेगा। लाभ लेने के लिए कृषक का ई.उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन अनिवार्य है। पंजीयन अवधि 3 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक है। 24 अक्टूबर से 15 जनवरी 2026 तक योजना अंतर्गत पंजीकृत कृषक द्वारा अपनी उपज का विक्रय अधिसूचित कृषि उपज मंडीयो में किया जावेगा। किसान से अपील की है कि अंतिम तिथि 17 अक्टुबर के पूर्व सोयाबीन पंजीयन के लिए सहकारी समितियों में जाकर अधिक से अधिक संख्या में पंजीयन कराकर लाभ लेवे।

## कांक्लियर इंप्लांट सर्जरी तकनीकी समिति बैठक की गई आयोजित



**बैतूल।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत कांक्लियर इम्प्लांट सर्जरी की तकनिकी समिति बैठक का आयोजन 8 अक्टूबर को कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य बैतूल में किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज कुमार हुरमाड़े ने बताया कि बैठक में एमडी डॉ रोहित परातेए शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ सुरेन्द्र कुमार कुशवाहाए नाक कान गला रोग विशेषज्ञ डॉ ऋषि माहोर द्वारा बच्चों का परीक्षण कर सर्जरी के लिये भावेश पिता राजेश प्रजापति 5 वर्ष निवासी आठनेरए अनमोल पिता संदीप उइके 3 वर्ष 7 माह निवासी सोनाली बंडाला आमलाए कुमारी याचना पिता अनिल सूर्यवंशी 3 वर्ष 4 माह निवासी रगडगांव प्रभात पट्टन को चिन्हित किया गया। चिन्हित बच्चों को इंदौर के अरविन्दों इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइसेस हॉस्पिटल भेजा जाएगा। बैठक में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश परिहारए जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ विनोद शाक्य एवं आरबीएसके मैनेजर योगेन्द्र कुमार उपस्थित रहे।

## गांव-गांव में चल रहा दूध समृद्धि संपर्क अभियान

**बैतूल।** पशु चिकित्सा विभाग द्वारा दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान की शुरूआत 3 अक्टूबर से की गई हैए जो आज 9 अक्टूबर तक चलेगा। इस अभियान के अंतर्गत जिले के 10 या 10 से अधिक गौ.भैंस वंशीय पशु रखने वाले पशुपालको के घर.घर जाकर भेंट की जा रही है और पशु पालकों से पशुओं के रखरखावए खानपान आदि के संबंध में चर्चा कर रहे है।

पशुपालकों के पास उपलब्ध पशुओं से अधिक उत्पादन प्राप्त कर दुग्ध व्यवसाय को लाभ का व्यवसाय बनाने के विषय में चर्चा की गई। अभियान के दौरान पशुपालकों को उन्नत नस्ल के लिए कृत्रिम गर्भाधान एवं पशु पोषण के लिए संतुलित पशु आहार का महत्व एवं इससे होने वाले लाभ जैसे अच्छा स्वास्थ्यए गुणवत्तापूर्ण अधिक उत्पादनए बांझपन से मुक्ति आदि विषय में



जानकारी दी। पशुओं का स्वास्थ्य अच्छा रखने के लिए क्या.क्या सावधानियां रखी जाना चाहिए और कौन.कौन से टीकाकरण कराए जाना चाहिए के विषय में जानकारी उपलब्ध कराई गई।

दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान के पर्यवेक्षक के लिए संयुक्त संचालक पशु पालन एवं डेयरी भोपाल संभाग भोपाल डॉण् सुनील परनाम एवं राज्यस्तरीय नोडल अधिकारी डॉण् एलिजाबेथ थॉमस ने जिले ने विभिन्न ग्रामों में पशुपालकों से चर्चा की।

## सक्षम कार्यक्रम के प्रधानाचार्यों एवं प्रधानाध्यापकों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण और समीक्षा बैठक संपन्न

**भौंरा।** सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग बैतूल विवेक पांडे के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में सक्षम कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड शाहपुर में प्रधानाचार्यों एवं प्रधानाध्यापकों के लिए एकदिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला एवं समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में कुल 71 प्रधानाचार्य एवं प्रधानाध्यापक सम्मिलित हुए।

सहायक आयुक्त विवेक कुमार पांडे ने ऑनलाइन जुडक़र सभी विद्यालय प्रमुखों से संवाद किया तथा सक्षम कार्यक्रम के अंतर्गत की जा रही गतिविधियों की समीक्षा की। साथ ही सक्षम कार्यक्रम के सत्रों कों प्रत्येक शाला की समय सारणी से जोड़ कर गुणवत्तापूर्ण संचालन किया जाए और उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्यक्रम में किसी भी प्रकार की त्रुटि या शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। विकासखंड शिक्षा अधिकारी जीआर बर्डे ने शिक्षण कार्यों एवं स्टाफ दायित्वों में



समानता लाने की दिशा में अपने विचार साझा किए और निर्देश दिया कि संकुल प्राचार्य मासिक बैठक में सक्षम एजेंडा की समीक्षा को अनिवार्य रूप से शामिल करें। संदीपनि बालक शाला शाहपुर के प्राचार्य कमलेश शर्मा सर द्वारा विद्यालय में संचालित सक्षम कार्यक्रम कों लेकर अपने अनुभव साझा किया गए साथ मास्टर ट्रेनर गणेश कुमरे द्वारा डेमो सत्र आयोजित किया गया।

इनमें वास्तविक शिक्षण प्रक्रियाओं का प्रदर्शन किया गया। जेंडर ट्रांसफॉर्मेटिव दृष्टिकोण पर भी विचार.विमर्श किया गया तथा शिक्षण में इसे एकीकृत करने के व्यावहारिक उपायों पर चर्चा की गई।जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री निष्ठा सौदावत ने सक्षम कार्यक्रम के पूर्व वर्षों की उपलब्धियों एवं अनुभवों का विश्लेषण प्रस्तुत किया और जिला स्तर पर चल रही गतिविधियों की झलक साझा की।

ब्लॉक प्रबंधक मीना सातनकर ने सक्षम कार्यक्रम के विभिन्न कंपोनेंट्स पर चर्चा करते हुए सेशन रिपोर्टिंगए एलएमएस प्रणालीए मैजिक मित्र चैटबॉट एवं लाइव एसक्यूएमएफ का डेमो सेशन दिया और जीवन कौशल सत्र क्रमांक 7 का आयोजन सत्र संरचना और बारीकीयों पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया।

एसडीएमए सीएमओ और पशु चिकित्सा अधिकारी को तत्काल मौके पर पहुंचकर जांच के निर्देश

## कढ़ाई गोशाला में गोवंश की मौत के मामले में राष्ट्रीय हिन्दू सेना ने सौंपा ज्ञापन

**बैतूल।** नगर पालिका द्वारा कढ़ाई में संचालित गौशाला में बीते दो माह से लगातार गौवंश की मौतें हो रही हैं। राष्ट्रीय हिन्दू सेना ने इसे हिन्दू आस्था से जुड़ा गंभीर मामला मानते हुए बुधवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की। इस दौरान राष्ट्रीय हिन्दू सेना के प्रदेश अध्यक्ष दीपक मालवीय, गौ सेवक गोलू सोनी, दीपक कोसे, राहुल खवादे, सत्यम विश्वकर्मा, मोहित वर्मा, अजय खवादे सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रदेश अध्यक्ष दीपक मालवीय ने बताया कि पिछले दो महीनों में गौशाला में लगभग एक दर्जन गौवंश की मृत्यु हो चुकी है। समाचार पत्रों से यह भी सामने आया है कि कुछ मृत गौवंश को कुत्ते लोंच कर खा रहे हैं।

यह दृश्य विचलित करने वाला हैए हिन्दू



समाज की भावनाओं को भी ठेस पहुंचाने वाला है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि गौशाला में पशु आहार की कमी है। यही कारण है कि गौवंश भूख और बीमारी से दम तोड़ रहे हैं। प्रशासनिक अनदेखी के चलते इनकी मृत्यु के पश्चात न तो किसी प्रकार का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है और न ही उन्हें विधिवत दफनाया जा रहा हैए जिससे संक्रमण का खतरा भी बना हुआ है। अपर कलेक्टर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएमए, सीएमओ और पशु चिकित्सा अधिकारी को मौके पर पहुंचकर तत्काल जांच करने के निर्देश दिए हैं। राष्ट्रीय हिन्दू सेना ने यह भी मांग की है कि हर एक मृत गौवंश का पोस्टमार्टम कर वास्तविक कारण पता लगाया जाए और अगर कोई अधिकारी इसमें लापरवाह पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त प्रशासनिक कार्यवाही की जाए। प्रदेश अध्यक्ष दीपक मालवीय ने कहा कि गौवंश की रक्षा करना हर हिन्दू की जिम्मेदारी है और प्रशासन को भी यह समझना चाहिए कि यह हिन्दू आस्था से जुड़ा मामला है। गौमाता को भूख.प्यास और बीमारी से मरने देना अत्यंत निंदनीय है। राष्ट्रीय हिन्दू सेना ने चेतावनी दी है कि अगर शीघ्र इस मामले में ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो वह बड़ा आंदोलन करने को बाध्य होगी।

### दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग

प्रदेश संयोजक पवन मालवीय ने कहा कि गौशाला में लगातार हो रही गौवंश की मौतें बेहद दुखद और प्रशासन की घोर लापरवाही का परिणाम हैं। उन्होंने कहा कि हिन्दू समाज की आस्था का प्रतीक गौमाता अगर भूखए बीमारी और कुत्तों के हमले से मर रही हैए तो यह शासन.प्रशासन के लिए शर्म की बात है। उन्होंने मांग की कि दोषी अधिकारियों की तत्काल जवाबदेही तय कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।

राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान 12 को


## जिले के 1 लाख 68 हजार 416 बच्चों को पिलाई जाएगी दो बूंद जिंदगी की

**बैतूल।** राष्ट्रीय पल्स पोलियों अभियान का अतिरिक्ति चरण 12 अक्टूबर रविवार को प्रदेश के चयनित 18 जिलों जिनमें बैतूल भी शामिल है आयोजित किया जाएगा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकामें डॉ मनोज कुमार हुरमाडे ने बताया कि रविवार को प्रथम दिवस बूथ पर एवं दूसरे एवं तीसरे दिन 13 और 14 अक्टूबर को घर.घर जाकर 0 से 5 वर्ष तक की आयु के बच्चों को पोलियो की खुराक दी जाएगी। जिले में 0 से 5 वर्ष तक के अनुमानित कुल 1 लाख 68 हजार 416 बच्चों को पोलियों की खुराक दी जाएगी। शहरी क्षेत्र में 226 एवं ग्रामीण क्षेत्र में 1683 कुल 1909 टीकाकरण बूथ बनाये गये हैं। बस स्टेण्डए रेल्वे स्टेशनए जिले के क्रासिंग पाईंटों में 88 बूथ बनाकर दवा पिलाई जाएगी। साथ ही जिले में हाई रिस्कर एरियाए ईंट भट्टेए निर्माण स्थलए मेलेए झुग्गी.झोपड़ीए घुमक्कूड़ आबादी स्थल को भी चिन्हित कर 21 मोबाइल टीमों के द्वारा पोलियो की दवा पिलाने का कार्य किया जाएगा। दवा पिलाने के लिए 4036 टीकाकर्मी एवं सुपरवीजन के लिए 357 सुपरवाईजरों की ड्यूटी लगाई है।

**संक्षेप खबर**

### बार-बार की ट्रिपिंग बाधा से परेशान शहरवासी



**सोहागपुर।** शहर में बिजली वितरण में लंबे समय से बार-बार बाधा उत्पन्न हो रही है। बार-बार लाइन ट्रिपिंग से नागरिक परेशान होते हैं। नागरिकों ने बताया कि शहर में जितनी भी डीपी लगी हैं, वे सभी काफी समय पुरानी हैं। जिनका बदलाव भी किया जाना चाहिए। साथ ही नागरिकों का कहना है कि इन डीपियों की क्षमता भी बढ़ाई जानी चाहिए। क्योंकि पिछले कुछ वर्षों में शहर में बिजली उपयोग का लोड बहुत बढ़ गया है। लेकिन लोड बढ़ने के आधार पर डीपियों की क्षमता नहीं बढ़ाई गई है। जिसके कारण ट्रिपिंग होती है। अतः आवश्यक है कि नई तथा अधिक क्षमता की डीपियां लगाई जाएं।

### पल्स पोलियो अभियान की बैठक कल

**नर्मदापुरम।** जिले में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का आयोजन दिनांक 12 से 14 अक्टूबर 2025 तक किया जा रहा है। उक्त संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री हिमांशु जैन, की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स की बैठक 10 अक्टूबर शुक्रवार को प्रातः 11 बजे को जिला पंचायत नर्मदापुरम कार्यालय में आयोजित की गई है। बैठक में अभियान से संबंधित विभाग के अधिकारी, अध्यक्ष आईएमए, समस्त धर्मगुरु, अध्यक्ष लायंस क्लब रोटरी क्लब, समन्वयक नेहरू युवा केंद्र उपस्थित रहेंगे।

## शरदोत्सव समिति के 25 वे रक्तदाता सम्मान समारोह में बोले विधायक विजयपाल

# ढाई दशक से जारी रक्तदाता सम्मान ने बढ़ाई रक्तदान के प्रति जागरूकता

ढाई दशक से जारी रक्तदाता सम्मान समारोह ने रक्तदान के प्रति जन जागरूकता फैलाई है। यह बहुत बड़ी समाजसेवा है। उक्त बात सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह ने शरदोत्सव समिति के रक्तदाता सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कही। आयोजन एसजेएल स्कूल ग्राउंड पर मंगलवार रात किया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

शरदोत्सव समिति संयोजक पवन सिंह चौहान एवं अध्यक्ष रूपेश मेहरा ने बताया कि प्रतिवर्ष शरद पूर्णिमा पर समिति रक्तदाता व प्रतिभा सम्मान समारोह करती है। इस वर्ष के आयोजन में भूतपूर्व व वर्तमान सैनिकों, रक्तदाताओं, समाजसेवियों व प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। सोहागपुर में 103 वर्ष से जारी रामलीला मंचन के लिए श्रीराम नाट्य समिति सोहागपुर का विशेष सम्मान किया गया। श्रीराम नाट्य समिति की ओर से अखिलेश मालवीय ने यह सम्मान प्राप्त किया। पीएससी में चयन पर सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र की होनहार प्रतिभागी रही यशस्वी मीना का भी सम्मान किया गया। सम्मान समारोह के बाद आर्केस्ट्रा हुई, जिसमें सिंह इवेंट्स जबलपुर ने गीतों, भजनों एवं नृत्य प्रस्तुतियां दी।







### इन सैनिकों का हुआ सम्मान

शरदोत्सव समिति से देवेंद्र कुशवाहा ने बताया कि आयोजन में पूर्व व वर्तमान सैनिकों का सम्मान किया गया। इनमें महिला सैनिक बिंदिया नागवंशी सहित संतोष रघुवंशी, बालमुकुंद पटेल, अभिषेक डौर, बालकिशन विश्वकर्मा, लखनलाल रघुवंशी, देवेंद्र मालवीय, सुरेश कसेरा, लहरीप्रसाद कुशवाहा, हरीश साहू, नीलम कुमार पटेल, राजेश रघुवंशी, मनोहर लाल सांगा, लीलाधर रघुवंशी, विजय दुबे, सचिन मिश्रा, किशोर कोरी, बंशीलाल अहिरवार, नीमचंद पटेल, गौरव मालवीय, नीतेश गुर्जर, कपिल कुशवाहा, महेंद्र आरसे, गजेंद्र रघुवंशी तथा अजय सोनी सम्मिलित थे। इनके अलावा प्रतिभाशाली विद्यार्थियों तथा रक्तदाताओं का भी सम्मान किया गया।

### ये रहे उपस्थित

आयोजन में वरिष्ठ नागरिक चौधरी राजेंद्र सिंह, विधायक विजयपाल सिंह, पूर्व विधायक सविता दीवान शर्मा, मेहरा समाज प्रदेशाध्यक्ष जेपी मेहरा, सोहागपुर नपाध्यक्ष लता पटेल, उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, एसडीओपी संजू चौहान, टीआई ऊषा मरावी, कुशवाहा समाज जिलाध्यक्ष मालकजी कुशवाहा, समाजसेवी हरगोविंद पुर्विया, निखलेश चतुर्वेदी, भाजपा सोहागपुर मंडलाध्यक्ष अश्विनी सरोज, सेमरी मंडलाध्यक्ष योगेश मालवीय, सेमरी मंडल उपाध्यक्ष पप्पू कुशवाहा, शोभापुर मंडलाध्यक्ष प्रदीप ठाकुर, भाजपा किसान मोर्चा जिला महामंत्री भगवान सिंह पटेल व अन्य अतिथि उपस्थित थे।

# डीएपी लेने गए व्यक्ति आपस में झगड़े, मामला दर्ज



हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरी हरचंद

नगर में खाद्य वितरण केंद्र डबल लॉक में डीएपी यूरिया लेने गए किसानों के बीच आपस में झगड़ा हो गया मामला पुलिस चौकी पहुंचा चौकी में पदस्थ एस आई नरेश रघुवंशी ने बताया स्टेशन रोड स्थित डबल लॉक में डीएपी यूरिया लेने के लिए लाइन में लगे किसानों के बीच आपस में झगड़ा हो गया फरियादी दिवाकांत पिता माधव सिंह रघुवंशी उम्र 36 वर्ष सुभाष वार्ड सोहागपुर डीएपी यूरिया लेने लाइन में लगे थे उनके साथ अशोक पटेल छोटू पटेल एवं अन्य दो निवासी रानी गोहान ने मुक्का थप्पड़ मार कर अभद्रता की एवं शर्ट के सामने की जेब में रखें 20,000 रुपए निकाल लिए और सोहागपुर निवासी गौरव माहेश्वरी की सोने की चेन छीनकर ले गए। सहायक उपनिरीक्षक नरेश रघुवंशी ने बताया कि मामला बी एन एस की धारा 296, 115, (2)304, 351 के अतर्गत मामला दर्ज कर कर विवेचना की जा रही है।

### सड़क पर बने गढ्ढे बने राहगीरों के लिए परेशानी



**पिपरिया।** जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत रामपुर की सरपंच रंजना राकेश रघुवंशी ने बताया कि पिपरिया विकासखंड से चलकर बनखेड़ी होकर जबलपुर जाने वाले मुख्य मार्ग पर टोल टैक्स बसूला जा रहा है। लेकिन लगातार गड्ढे होते जा रहे हैं। तथा लोगों को कोई सुविधा नहीं है। बल्कि जान का खतरा बढ़ गया है। यहां पर से तो लगभग प्रतिदिन मंत्री से लेकर सभीलोग गुजरते हैं।पर किसी ने भी नहीं देखा तो समझिए जनता कितनी परेशान हैं। टू ब्लीर तो गड्ढे होने से निकाल नहीं पा रहे हैं। राहगीर के साथ पैर तक क्षतिग्रस्त हो गए हैं।पर उसके बाद भी अभी तक किसी भी वरिष्ठ नेता या अधिकारी ने कोई कार्यवाही नहीं की है।सचिव राकेश सोनवंशी रोजगार सहायक सरपंच ने बताया यदि जल्द ही निराकरण नहीं किया तो अनुविभागीय अधिकारी आकिप खान को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

# वन क्षेत्र स्थित कामती शासकीय स्कूल में नहीं हो पाती शिक्षकों की ई-अटेंडेंस, सौंपे गए आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



ब्लॉक के शासकीय स्कूल कामती में कार्यरत अतिथि शिक्षकों ने मानदेय भुगतान की समस्या को लेकर बुधवार को एक आवेदन बीईओ सोहागपुर के नाम दिया है। सभी ने समस्या के शीघ्र निराकरण की मांग की है।अतिथि शिक्षकों तुलाराम अहिरवार, जितेंद्र सोलंकी, आशुतोष ककोड़िया, कुमारी प्रियंका दुबे, देवेंद्र पटेल, आशुतोष भट्ट, प्रतिभा दुबे, पूजा अहिरवार, सेवकराम जिवरिया आदि ने आवेदन में उल्लेख किया है कि वे सभी शासकीय विद्यालय कामती में अतिथि शिक्षक हैं। तथा इन सभी की ई-अटेंडेंस एवं मानदेय भुगतान से जुड़ी समस्याएं हैं। समस्याओं के बाबत आवेदन में उल्लेख किया गया है कि जुलाई 2025 में भी विद्यालय प्राचार्या को ई-अटेंडेंस में होने वाली समस्या के बाबत आवेदन पत्र दिया जा चुका है। आगे आवेदन में उल्लेख है कि कामती स्कूल के वन क्षेत्र में होने के कारण नेटवर्क समस्या होती है। तथा ई-अटेंडेंस दर्ज नहीं हो पाती है। लेकिन सभी अतिथि शिक्षक उपस्थिति पंजी पर अपने हस्ताक्षर करते हैं। विभाग के आदेशानुसार अटेंडेंस प्रक्रिया का पालन किया जा रहा है, लेकिन सर्वर परेशानी के कारण ई-अटेंडेंस दर्ज नहीं हो पाती है व शिक्षक, अतिथि शिक्षकों को अनुपस्थित दर्शाया जाता है। समस्त अतिथि शिक्षकों ने जुलाई से सितंबर तक मानदेय भुगतान की मांग की है।

### रंग-बिरंगे रंगों के साथ युवा उत्सव का शुभारंभ



**माखन नगर।** मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी युवा उत्सव कैलेंडर 2025-26 के अनुसार प्रचार के मार्गदर्शन में शासकीय महाविद्यालय माखन नगर में तीन दिवसीय युवा उत्सव का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के पूर्व महाविद्यालय के वरिष्ठ प्रोफेसर डी एस खत्री, अजय मेहरा, डॉ अमिताभ शुक्ला, डॉक्टर कविता दुबे, ने मां सरस्वती व राष्ट्रकवि माखन दादा की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपने संचित प्रतिवेदन में प्रोफेसर डी एस खत्री ने युवा उत्सव का महत्व व भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ को युवा उत्सव में शामिल करे का मुख्य उद्देश्य भारतीय ज्ञान परंपरा को पहचाना है। कार्यक्रम के प्रथम दिवस भाषण ,वाद विवाद,रंगोली प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। रंगोली प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं ने भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित विभिन्न कला कृतियां बनाई। रंगोली प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार है प्रथम कुमारी सलोनी यादव बी ए द्वितीय वर्ष, द्वितीय स्थान पर कु सुहानी विश्वकर्मा बीए द्वितीय वर्ष, तृतीय स्थान पर कु शीतल यादव रही। भाषण प्रतियोगिता के परिणाम में प्रथम स्थान पर स्वास्तिक रावत बीएससी तृतीय बर्ष , ,कुमारी टीना कहार बीए द्वितीय वर्ष दूसरे स्थान पर एवं कुमारी दीक्षा अहिरवार बीए द्वितीय वर्ष तीसरे स्थान पर रही । इसी प्रकार वाद -विवाद प्रतियोगिता में पक्ष में प्रथम टीना कहार, द्वितीय दीक्षा अहिरवार ,तृतीय क्रिशनाथ बी काम तृतीय वर्ष रहे ।एवं विपक्ष में स्वास्तिक रावत प्रथम, प्रतीक्षा तोमर द्वितीय स्थान पर रहीं।

# सूखे मौसम में भी बाजार की सड़क पर भरा रहता है गंदा पानी, पानी निकासी के लिए नहीं नाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सोहागपुर शहर के मुख्य बाजार क्षेत्र में सूखे मौसम में भी सड़क पर पानी जमा होने की समस्या बनी रहती है। जिससे व्यापारी बहुत परेशान हैं। व्यापारियों ने सोहागपुर नगर परिषद से सुधार की मांग की है। व्यापारियों ने बताया की रानी लक्ष्मीबाई मंच के समीप से पुराने अस्पताल मार्ग पर वरंदानी मेडिकल के सामने तक प्रतिदिन सड़क पर पानी भरा रहता है। व्यापारियों ने बताया कि चाट दुकानों तथा कुछ होटल का दिनभर का गंदा पानी सड़क पर फेंका जाता है।

जो 24 घंटे सड़क पर ही भरा रहता है। आते जाते वाहनों से गंदा पानी दुकानों पर उछलता है, जिससे कई बार व्यापारियों एवं ग्राहकों के कपड़े कीचड़ से गंदे हो जाते हैं। नप से व्यापारियों ने मांग की है कि रानी लक्ष्मीबाई मंच के सामने ऑटो स्टैंड के समीप बने डिवाइडर से लगकर एक नाली निर्माण किया जा सकता है। जिससे चाट दुकानों व होटलों का गंदा पानी नाली में फेंका जाएगा तो सड़क सूखी रहेगी।

व्यापारियों के अनुसार बरसात में भी नाली नहीं होने से सड़क पर अत्यधिक पानी भर जाता है तथा ग्राहकी पूरे मौसम प्रभावित रहती है व बरसात में इस तकलीफ को झेला जा सकता है। लेकिन सूखे मौसम में यह समस्या ग्राहकी को प्रभावित करती है।

# कांग्रेस ने दलितों पर बढ़ते अत्याचारों का किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



जिला कांग्रेस कमेटी नर्मदापुरम ने अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष इंजीनियर अजय अहिरवाल के नेतृत्व में इटारसी एसडीएम इटारसी को राज्यपाल के नाम देश में दलितों पर बढ़ते हुए अत्याचार के खिलाफ ज्ञापन सौंपा। जिसमें भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई पर, मनुवादी मानसिकता के वकील के द्वारा कोर्ट में जूता उछालना, ग्वालियर के हाईकोर्ट अधिवक्ता अनिल मिश्रा के द्वारा संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को अंग्रेजों के गुलाम जैसे शब्द कहना, उत्तर प्रदेश के रायबरेली में दलित युवक हरिओम बाल्मिक की पीट-पीटकर करना आदि शामिल है। ज्ञापन के दौरान कमेटी के अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पाण्डेय, जिलाध्यक्ष किसान कांग्रेस बाबू चौधरी, नगर अध्यक्ष मयूर जायसवाल, प्रदेश अध्यक्ष यंग ब्रिगेड गजानंद तिवारी सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहें।

# कांग्रेस का ज्ञापनः खाद्य विक्रय के केंद्र बढ़ाए सरकार, किसानों को समय से खाद उपलब्ध कराएः कांग्रेस जिलाध्यक्ष पांडे

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



माखन नगर कांग्रेस पार्टी ने जिला अध्यक्ष शिवकांत पांडे एवं किसान नेता पुष्पराज पटेल की उपस्थिति में किसानो की समस्याओं के निराकरण के लिए कलेक्टर के नाम पांच सूत्री ज्ञापन तहसीलदार महेंद्र चौहान को सौप कर ज्ञापन में बिंदु बार समस्याओं के निराकरण की मांग की है

क्षेत्र के किसानों की यूरिया और खाद की कमी तत्काल दूर की जाए ग्रामीण क्षेत्र सांगाखेड़ा कला सांगाखेड़ा खुर्द एवं काजल खेड़ी मैं खाद वितरण के लिए अतिरिक्त केंद्र खोले जाएं आगामी फसल के लिएबिजलीकी मांग कीआपूर्ति सुनिश्चित करें कांग्रेस पार्टी ने भावांतर योजना का विरोध करते हुए कहा है यह किसान विरोधी है समर्थन मूल्य को कानून का दर्जा मिले गांव-गांव अवैध मदिरा का विक्रय बंद कराया जाए जल्द ही समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया तो कांग्रेस पार्टी आंदोलन करेगी।

गलत दवाओं के कारण छिंदवाड़ा में हुई मौत को शासन की लापरवाही बताया और मृतकों को 2 मिनट का मन रखकर श्रद्धांजलि दी इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र मुराड़िया कुलदीप मिश्रा हकीम खान यशवंत राजपूत रत्नेश बडगूजर शैलेंद्र जोशी अखिलेश दीवान अजय दीवान अरुण तिवारी रमन शुक्ला प्रमोद यादव सुबोध दुबे लीलाधर यादव राजेश पटेल ब्रज भारती बडगूजर राजकुमार गुप्ता मोहन सोनी राजकुमार मीणा जीतू चौधरी संजय मीणा पप्पू सैनी बसंत सैनी द्वारका चौधरी भरत पटेल अनिल रैकवार रामकिशन यादव रामनिवास पटेल देवेंद्र यादव आशुतोष सक्सैना राजेश चौहान सहित अनेक कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 9वीं राज्य स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता का भव्य समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी




नगर में आयोजित 69वीं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का समापन समारोह बुधवार को संपन्न हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा उपस्थित रहे। समारोह की अध्यक्षता पंकज चौरे, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद इटारसी ने की। विशेष अतिथियों के रूप में राहुल चौरे , डॉ. मनीष वर्मा (संयुक्त संचालक लोक शिक्षण नर्मदापुरम , ज्योति प्रहलादी (जिला शिक्षा अधिकारी) एवं निलेश शर्मा (अनुविभागीय अधिकारी राजस्व इटारसी) कार्यक्रम में उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के परिणामों की घोषणा के दौरान सर्वप्रथम जनजातीय कार्य विभाग की 14 वर्ष बालिका वर्ग की टीम को फुटबॉल मे प्रथम स्थान प्राप्त होने पर विजेता ट्रॉफी प्रदान की गई। इंदौर संभाग को द्वितीय स्थान एवं भोपाल संभाग को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। जबलपुर संभाग को आर्चरी मे ओवरऑल चैंपियनशिप का खिताब दिया गया।

## शरद पूर्णिमा के अवसर पर हुआ आयोजन

# मातृशक्ति ने किया गरबा महारास

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



श्री द्वारिकाधीश महिला मंडल द्वारा शरद पूर्णिमा के अवसर पर गरबा महारास का आयोजन मंदिर प्रांगण में किया गया। जिसमें एकल- युगल एवं गरबा ग्रुप द्वारा नृत्य की प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत राधा-कृष्ण की प्रतिमा का पूजन करके की गई। गरबा महारास में बच्चों ने और महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार गरबा ग्रुप मां शैलजा ग्रुप, द्वितीय पुरस्कार नवदुर्गा भवानी ग्रुप एलकेजी, तृतीय पुरस्कार सूरज गंज गरबा ग्रुप को दिया गया। एकल नृत्य में श्रुति मालवीय, द्वितीय हिरल प्रसाद और तृतीय ओशी इंगले को दिया गया। युगल परफॉर्मेंस में एकता-रितिका, आयुषी- प्रियांशी, सिया-हिमांशी को दिया गया।

निर्णायक के रूप में जीवन सिंह राजपूत ,रितु बजाज और निधि शर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम के सहयोगी राजेंद्र ज्वेलर्स के संस्थापक राजेंद्र सोनी, पिहरवा बुटीक से प्रमिला अग्रवाल, श्याम बुटीक से सुनीता अग्रवाल ने कार्यक्रम की प्रशंसा की और हमेशा इस तरह की गतिविधियों में मंडल को सहयोग करने का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम संयोजक कविता अग्रवाल, राशि साहू, संध्या माहेश्वरी, ममता मालवीय और रेखा वैष्णव आदि ने धन्यवाद ज्ञापित किया।कार्यक्रम का सफल संचालन महिला मंडल की संयोजक डॉ हेमा संदेश पुरोहित ने किया।

# नागदाह अगिनहोत्री ब्राह्मण समाज ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

जनपद पंचायत क्षेत्र के नागदाह अगिनहोत्री ब्राह्मण समाज के अशोक पुरोहित,पी के शर्मा, प्रकाश मंडलोई, राजेश मंडलोई अनिरुद्ध पुरोहित सुनीत पुरोहित नवनीत परसाई आनंद व्यास सहित सैकड़ों लोगों ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आकिप खान, पुलिस एसडीओ पी मोहित यादव को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें बताया गया है कि विगत दिनों शिखा शर्मा शुक्ल पटवारी तहसील बनखेड़ी विकासखंडके की संदिग्धावस्था में मौत हो गई थी।

इस आत्म घाती कदम उठाए जाने पर मामले कीजांच तत्काल प्रभाव से कराने तथा वैधानिक कार्यवाही करने की मांग की है। बताया गया है कि को शिखा शर्मा शुक्ल पटवारी तहसील बनखेड़ी विकासखंडके के द्वारा सरकारी आवास में फांसी लगाकर आत्म घाती कदम उठाए की जांच कर कार्रवाई करने को कहा गया है।

# ग्राम पंचायत में मशीन से बने तालाब, पंचायत में लगा ताला, ग्रामीण योजनाओं से हो रहे वंचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत कनहवार में सरपंच मनीष पटेल दबंग होने से गरीब तबके के लोगो को लाभान्वित नहीं किया जा रहा है। पंचायत भवन में हमेशा ताला लगा रहता है।लखन अहिरवार मुन्ना ने बताया कि ग्राम सभा में शामिल होने पर या किसी अधिकारी के आने पर पंचायत खुलती हैं।शेष दिन हमेशा ताला लगा रहता है। रोजगार सहायक से लेकर सभीलोग पिपरिया में निवास करते हैं।मनकोर अहिरवार को प्रारंभ में नाम होने पर आज भी आवास का लाभ नहीं दिया गया है। सरपंच दबंग होने पर पंचायत के कर्मचारी उनके घर जाकर ही काम करते हैं। पंचायत भवन के सामने कचरे के ढेर लगे हैं।जगह जगह कचरा जमा है। सफाई व्यवस्था के नाम पर पूर्व में पदस्थ रहे सचिव छबीले राम पटेल रोजगार सहायक सरपंच ने बिल लगाकर राशि का आहरण कर लिया है।पर सफाई व्यवस्था कहीं नहीं है। मशीन चलाई गई थी तभी खेत तालाब बने हुए थे। मनरेगा में काम बताया गया है। गांव में अनेकों तरह केरहेसवालखड़े है। लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती है। कुन्दन सिंह ने बताया कि उनके लोगों के खाते में मजदूरी का भुगतान किया जाता है। पंचायत में हेंणड पंपों में सुधार नहीं हुआ है।सभी बंद पड़े हैं। जनता परेशान हैं। आंगनबाड़ी केंद्र नंबर 2मे कचरे गंदगी का अंबार लगा हुआ है।पर पंचायत सफाई व्यवस्था नहीं कराती है।इस विषय पर सचिव भरत पटेल से चर्चा की तो बताया उन्होंने अभी ,2माह पहले ही चार्ज लिया गया है। सुधार करने पर जोर दिया गया है।

## खबर संक्षेप

### नेशनल कॉफ्रेंस में जिले की अधिवक्ता करेंगी प्रतिनिधित्व

**हरदा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा विधिक सेवा दिवस के अवसर पर 8 व 9 नवंबर को स्ट्रेंथनिंग लिगल एड डिलवरी मेकेनिज्म्ण विषय पर नेशनल कॉफ्रेंस का आयोजन ऑडिटोरियम हॉल, प्रशासनिक भवन परिसर, सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली में मुख्य न्यायाधीश एवं नालसा के मुख्य संरक्षक एवं अन्य की गरिमामयी उपस्थिति में किया जा रहा है। इस कॉफ्रेंस के माध्यम से देश में विधिक सहायता के भविष्य के लिए कार्यान्वयन योग्य रणनीतियां विकसित करने, प्रगति व चुनौतियों पर विचार विमर्श करने तथा अनुभव साझा करने हेतु एक मंच प्रदान किया जावेगा। कार्यक्रम में सहभागिता करने के लिये म.प्र. से कुल 2 लीगल एड डिफेंस काउंसिल, 2 पैनल लॉयर और 2 पैरालीगल वॉलंटियर्स का चयन किया गया है।

### आज किया जाएगा मद्य निषेध सप्ताह का समापन

**सीहोर।** शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प नशा मुक्ति केन्द्र के सहयोग से सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण के तत्वाधान में महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर मद्य निषेध सप्ताह के अंतर्गत अभियान के दौरान अनेक तरह की गतिविधियां की गई। वहीं बुधवार को निषेध सप्ताह का दोपहर साढ़े तीन बजे समापन किया जाएगा। इस मौके पर केन्द्र के संचालक के अलावा अन्य अतिथियों के द्वारा पुरस्कार वितरण किया जाएगा। मंगलवार को संकल्प नशा मुक्ति केन्द्र के संचालक राहुल सिंह ने कहाकि बुजुर्गों की देखरेख करना, कई बार एक चुनौतीपूर्ण काम हो जाता है। समय के साथ हमारी उम्र बढ़ती है, लेकिन हर कोई इस स्थिति का सामना शांति और धैर्य के साथ नहीं करता। उम्र बढ़ने के साथ बुजुर्गों को ज्यादा देखभाल की आवश्यकता होती है। इस उम्र में वे छोटे बच्चों की तरह संवेदनशील हो जाते हैं। बात-बात पर रूठना, गुस्सा और जिद करना उनकी रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा हो जाता है।

### एनआईएमएचआर में नि:शुल्क सीआरई कार्यक्रम आयोजित

**सीहोर।** सीहोर स्थित राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास संस्थान में एनआईईपीआईडी, एनआईएमएचआर एवं जय वकील फाउंडेशन द्वारा एनआईईपीआईडी दिशा पाठ्यक्रम प्रशिक्षण के तहत निशुल्क सीआरई कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के उप संचालक महेश यादव एवं एनआईएमएचआर के निदेशक डॉ. अखिलेश कुमार शुक्ला ने किया। कार्यक्रम में कुल 60 पुनर्वास पेशेवरों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

### कछुआ चाल से लगाए जा रहे जिले में स्मार्ट मीटर

# हरदा सर्किल में 47 हजार 360 स्मार्ट मीटर लगना है, अब तक लगे 1033

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा।

स्मार्ट मीटर लगाने का काम जिले में कछुआ चाल से चल रहा है। हरदा सर्किल में 47 हजार 360 स्मार्ट मीटर लगना है, लेकिन अभी तक सिर्फ 1033 ही लग सकें हैं। विद्युत कम्पनी का दावा है कि स्मार्ट मीटर से कोई नुक्सान नहीं है, बल्कि फायदा होगा। स्मार्ट मीटर लगाने के लिए लोगों को प्रेरित करने के उद्देश्य से कम्पनी ने खपत के आधार पर दिन के टैरिफ में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक उपयोग की गई बिजली पर 20 प्रतिशत की छूट देने की घोषणा की है। कपंनी के अधिकारीयों का दावा है कि हरदा वृत्त में 698 स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को सितंबर 2025 माह में 01 लाख, 53 हजार की छूट प्रदान की गई है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के महाप्रबंधक (स्मार्ट मीटरिंग सेल) सी.के.पवार ने स्मार्ट मीटर से होने वाले लाभ और अन्य योजनाओं के बारे में बताया। बुधवार को जिला पंचायत सभागार, हरदा में आयोजित मीडिया कार्यशाला में कही। इस अवसर पर महाप्रबंधक विनीत कुमार बागड़े, उपमहाप्रबंधक संजय सिंह चंदेल, भागीरथ मंडल, उपमहाप्रबंधक (उत्तर संभाग) हरदा संजय यादव, वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी मनोज द्विवेदी, जिला जनसम्पर्क अधिकारी सुरेन्द्र तिवारी सहित बड़ी संख्या में मीडियाकर्मी उपस्थित थे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक (स्मार्ट मीटरिंग सेल) सी.के. पवार ने कहा कि हरदा सर्किल में कुल 47 हजार 360 स्मार्ट मीटर स्थापित किये जाने हैं, जिसमें से अब तक 1033 स्मार्ट मीटर स्थापित किये जा चुके हैं। स्मार्ट मीटर सभी के लिए फायदेमंद और उपभोक्ताओं के हित में हैं, इसलिए सभी को स्मार्ट मीटर लगाने में कंपनी का सहयोग करना चाहिए।

### स्मार्ट मीटर के सबंध में महाप्रबंधक ने दी जानकारियां



### गड़बड़ी नहीं होने का दावा

महाप्रबंधक पवार ने कहा कि स्मार्ट मीटर लगाते हुए लगभग 1 वर्ष पूर्ण हो गया है। अब तक पूरे कंपनी कार्यक्षेत्र के सोलह जिलों में 03 लाख से अधिक स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। अभी तक कहीं पर भी किसी प्रकार की कोई भ्रांतिया पैदा नहीं हुई हैं। ऑटोमेटिक माध्यम से सटीक रीडिंग होने के बाद प्रतिमाह 01 तारीख के बाद मोबाइल अथवा ईमेल पर बिल जारी किया जाता है।

### हर पंद्रह मिनट में डेटा अपडेट

उपभोक्ता अब उपाय एप के जरिए स्मार्ट मीटर के माध्यम से अपने घर का लोड देख सकते हैं। मीटर में भी के.डब्ल्यू लिखा रहता हैं जो घर का पूरा लोड बताता है, तथा केडब्ल्यूएच खपत (यूनिट) बताता है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि स्वयं के यहाँ पर कितना किलोवॉट का लोड चल रहा हैं।

### दिन के टैरिफ में 20 प्रतिशत की छूट

यह भी बताया है कि नए टैरिफ आर्डर के अनुसार स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को अब खपत के आधार पर दिन के टैरिफ में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक उपयोग की गई बिजली पर 20 प्रतिशत की छूट भी दी जा रही है। स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए यह सभी छूट अथवा प्रोत्साहन की गणना सरकारी सब्सिडी (यदि कोई हो) को छोड़कर की जा रही है। कंपनी ने कहा है कि यह उपभोक्ता श्रेणियों के लिए विशिष्ट नियमों और शर्तों के आधार पर दिन के विभिन्न समय के दौरान खपत की अवधि के अनुसार ऊर्जा शुल्क पर लागू होगी।

### कपास खरीदी को लेकर नया नियम

## किसानों को अपने जिले में बेचनी होगी कपास की उपज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

भारतीय कपास निगम (उउक) ने कपास खरीदी को लेकर नया नियम लागू किया है। अब खंडवा, खरगोन और बुरहानपुर जिले के किसान अपनी कपास की उपज सिर्फ अपने जिले की मंडियों में ही बेच सकेंगे। पड़ोसी जिलों के किसान अब इन मंडियों में कपास बेचने नहीं आ पाएंगे। उउक का कहना है कि इस निर्णय का उद्देश्य कपास खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता लाना और व्यापारियों द्वारा किए जाने वाले फर्जीवाड़े पर रोक लगाना है।

अधिकारियों के अनुसार, पहले कई व्यापारी किसानों के नाम पर कपास बेचकर गड़बड़ी करते थे, लेकिन अब इस नियम से केवल पात्र किसान ही अपनी उपज बेच पाएंगे। नए नियम से किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। पहले वे अपनी सुविधा के अनुसार किसी भी जिले की मंडी में कपास बेच सकते थे, जिससे परिवहन खर्च में बचत होती थी। अब उन्हें अपने जिले की मंडी में ही जाना होगा, भले ही वह दूरी पर क्यों न हो।

### जिले की उपज जिले में ही खरीदी जाएगी

खंडवा जिले में अब तक 3200 किसानों ने कपास बेचने के लिए पंजीकरण कराया है। इनमें खंडवा क्षेत्र के 2000 और मूंदी क्षेत्र के 1200 किसान शामिल हैं। पहले उउक की कुल खरीदी में लगभग 25 प्रतिशत कपास बाहरी जिलों से आता था। नए नियम के लागू होने के बाद अब यह खरीदी पूरी तरह बंद हो जाएगी। उउक के खरीदी प्रभारी चंद्रकिशोर सकोमे ने बताया कि अब जिले की उपज जिले में ही खरीदी जाएगी। पहले कुछ व्यापारी अपने कपास को अन्य जिलों की मंडियों में खपा देते थे, लेकिन अब ऐसा नहीं हो पाएगा। इस कदम से खरीदी प्रक्रिया और अधिक पारदर्शी बनेगी।

### जंगल में मिला था शव, हत्या का खुलासा

## बेटे ने लट्ठ से तोड़े हाथ-पैर सीने व पेट की हड्डियां टूटीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा।

पंधाना थाना क्षेत्र में एक अक्टूबर को मिले 62 वर्षीय व्यक्ति के शव के मामले में हत्या की पुष्टि हो गई है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि मौत से पहले मृतक के शरीर पर गंभीर चोटों के निशान थे। लट्ठ से वार कर उनके हाथ-पैर तोड़ दिए गए थे, साथ ही सीने और पेट की हड्डियां भी फ्रैक्चर पाई गईं।

अत्यधिक खून बहने से उनकी मौत हुई। शव की पहचान अस्तरिया गांव निवासी मोहन पिता उदिया जमरे (62) के रूप में हुई थी। उनका शव महादेव बाबा के जंगल में सड़ी-गली हालत में मिला था। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि मृतक का अपने बेटे सुमेर से विवाद चल रहा था। पुलिस की पूछताछ में मृतक के अन्य तीन बेटों ने भी सुमेर पर हत्या का आरोप लगाया। 7 अक्टूबर को पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद पुलिस ने सुमेर के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी वारदात के बाद से फरार है और उसकी तलाश जारी है। जांच में सामने आया कि सुमेर ने 30 सितंबर की रात करीब 8.30 बजे पिता से झगड़ा किया था, जिसके बाद वह गायब हो गया। अगले दिन जंगल में पिता का शव मिला।

परिजनों के अनुसार, मृतक के चार बेटे हैं। सुमेर नशे का आदी है और उसकी दो शादियां हो चुकी हैं, जिनमें से एक पत्नी की मौत हो गई थी। वह अक्सर नशे में विवाद करता था और रिश्तेदारों की महिलाओं पर भी गलत नजर रखता था। परिवार के पास एक एकड़ जमीन है, जिस पर सुमेर का विवाद पिता से चल रहा था। बाकी तीन भाई मजदूरी करते थे, जबकि खेती का काम पिता मोहन संभालते थे। जमीन और शराब के झगड़ों ने ही आखिरकार इस हत्या का रूप ले लिया।

### आईटीआई व स्कूलों में विधिक साक्षरता शिविरों का हुआ आयोजन

# छात्र-छात्राओं को बताए गए बाल अधिकार




हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, माय किड्स एकेडमी, सरस्वती ज्ञान मंदिर हायर सेकण्ड्री स्कूल तथा शासकीय प्राथमिक शाला खेडीपुरा हरदा में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन बुधवार को किया गया।

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान एवं सरस्वती ज्ञान मंदिर हायर सेकण्ड्री स्कूल, हरदा में आयोजित शिविर में उपस्थित विशेष न्यायाधीश जयदीप सिंह ने उपस्थित छात्र तथा छात्राओं को बताया गया कि बाल अधिकार जागरूकता अभियान का उद्देश्य बच्चों के अधिकारों के बारे में लोगों को शिक्षित करना और बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। यह अभियान बच्चों के अधिकारों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जागरूकता बढ़ाने, शिक्षा को बढ़ावा देने, बाल यौन शोषण, बाल विवाह, बाल श्रम आदि के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए है। इसके साथ ही उनके द्वारा अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम, 1989 के बारे में बताया गया कि इस अधिनियम का मुख्य उद्देश्य अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समुदायों को अत्याचारों, भेदभाव और उत्पीड़न से बचाना है तथा यह अधिनियम इन समुदाय के लोगों को समाज में अन्य वर्गों के समान अधिकार दिलाने के संवैधानिक विचार को आगे बढ़ाता है और भेदभाव का निषेध करता है।

### नालसा डॉन स्कीम 2025

माय किड्स एकेडमी और शासकीय प्राथमिक शाला खेडीपुरा, हरदा में आयोजित शिविर में उपस्थित सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चन्द्रशेखर राठौर ने बताया कि नालसा डॉन स्कीम 2025 राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नालसा द्वारा नशा उन्मूलन हेतु शुरू की गई एक पहल है। इसका उद्देश्य, विशेष रूप से युवा व किशोरों के मध्य नशीले पदार्थों के उपयोग के विरूध्द जागरूकता बढ़ाना और नशे के शिकार लोगों को कानूनी सहायता और कल्याणकारी सेवाएं प्रदान करना है।

### बच्चों को नशीले पदार्थों से दूर रहने की सलाह दी

शिविर में उपस्थित जिला विधिक सहायता अधिकारी सौरभ कुमार दुबे ने बच्चों को मौलिक अधिकार और कर्तव्यों के बारे में बताया, जो नागरिकों के अधिकारों और जिम्मेदारियों को परिभाषित करते हैं। उन्होंने बच्चों को नशीले पदार्थों से दूर रहने तथा पढाई पर ध्यान देने की सलाह दी। उन्होंने बच्चों को चाईल्ड हेल्पलाईन नंबर 1098 तथा विधिक सहायता हेल्पलाईन नंबर 15100 के बारे में भी बताया। शिविर में जवाहर पारे, चीफ एलएडीसी अनीस मोहम्मद खान, डिप्टी चीफ एलएडीसी अंतिमा चोलकर, असिस्टेंट एलएडीसी तथा विद्यालय के छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण, प्राचार्य तथा पैरालीगल वॉलेंटियर सुरेन्द्र कौर, अमन कजोडिया, हेमलता प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

राजवीर सिंह दुआ (Rajveer Singh Dua) की सियॉन-रे इंटरनेशनल स्कूल छीपाबड की कक्षा 10 वीं की मार्कशीट/अंकसूची पर मै शपथकर्ता (पिता) का नाम (PARVINDAR SINGH DUA) ही दर्ज है जबकि मेरे आधार कार्ड पर मेरा सही नाम परविन्दर दुआ (PARVINDER DUA) है जो कि सत्य एवं सही है। मेरे पुत्र की कक्षा 10वीं की सियॉन-रे इंटरनेशनल स्कूल छीपाबड की मार्कशीट/अंकसूची पर मै शपथकर्ता (पिता) का सही नाम परविन्दर दुआ (PARVINDER DUA) दर्ज कर मेरे पुत्र की द्वितीय/डुप्लीकेट मार्कशीट/अंकसूची प्रदान किये जाने की कृपा करे इस बाबत मेरे द्वारा यह शपथपत्र प्रस्तुत किया गया है ।

**आम सूचना**

आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद इटारसी से प्रियदर्शनीय नगर / इंदिरा कालोनी में भूखंड व्यवासयिक प्लाट - 24 श्री कैलाश डोंगरे पिता किशोरीलाल डोंगरे के नाम नगर पालिका अभिलेखों में दर्ज है, श्रीमति राखी जैन पत्नी नीलेश कुमार जैन अपने नाम नामान्तरण कराना चाहती हैं। उक्त भवन का नामान्तरण होने में किसी को कोई आपत्ति है तो इश्तहार प्रकाशन सूचना से 15 पन्द्रह दिवस के भीतर संपूर्ण रिकार्ड एवं प्रमाण के साथ अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय नगर पालिका परिषद इटारसी के समक्ष में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकते हैं। यदि पन्द्रह दिवस के भीतर किसी की कोई आपत्ति दर्ज नहीं होती है तो तत्पश्चात किसी की किसी भी तरह की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जाएगी।

**नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, इटारसी**

### भारतीय प्रशासनिक सेवा और राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के बीच नए सिरे से कार्य विभाजन

# कलेक्टर ने किया कार्य विभाजन, विभागों की जिम्मेदारियां सौंपीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने कलेक्ट्रेट में पदस्थ भारतीय प्रशासनिक सेवा और राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के बीच नए सिरे से कार्य विभाजन किया है। जारी आदेश के अनुसार, अपर कलेक्टर सृष्टि देशमुख गौड़ा को कृषि, पशुपालन, मत्स्य, कौशल उन्नयन एवं तकनीकी शिक्षा, पॉलिटेक्निक कॉलेज, लीड बैंक, महिला एवं बाल विकास, जिला स्तरीय बैंकर्स समिति, जन अभियान परिषद, नाबार्ड, सहकारिता, फसल बीमा, मुख्यमंत्री स्वेच्छा अनुदान, परिवहन, ऊर्जा, स्थापना शाखा, विभागीय जांच शाखा, वित्त एवं लेखा, जिला पर्यटन संवर्धन परिषद, आनंदम विभाग, नीति आयोग के साथ जिला पंचायत समन्वय, सीएसआर शाखा, एसएन कॉलेज एवं कन्या महाविद्यालय, वेयरहाउस कॉरपोरेशन, जिला सहकारी बैंक, उप पंजीयक सहकारिता, कृषि उपज मंडी, उपार्जन एवं उर्वरक वितरण, नापतोल, जिला पंजीयक, सिंहस्थ शाखा, लोक निर्माण, जल संसाधन, उद्योग, उद्यानिकी और नगर एवं ग्राम निवेश जैसे विभागों का प्रभार दिया गया है। जिला पंचायत के सीईओ नागार्जुन बी. गौड़ा को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के साथ अनुसूचित जाति-जनजाति कल्याण, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण, अंत्यावसाई सहकारी समिति, कुटीर एवं ग्रामोद्योग, हथकरघा, हस्तशिल्प, रेशम, शिक्षा विभाग, समग्र शिक्षा अभियान, डाइट, भूजल संवर्धन, स्वास्थ्य, आयुष, स्वरोजगार, स्व सहायता समूह, रोजगार गारंटी योजना, मध्यान्ह भोजन, पोषण आहार, स्वच्छ भारत मिशन, अंत्योदय मेला, लोक कल्याण शिविर, दीनदयाल अंत्योदय योजना, मुख्यमंत्री मजदूर सुरक्षा योजना, वित्त आयोग, एनआईसी, कॉमन सर्विस सेंटर, योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी, आबकारी, रोगी कल्याण समिति, केंद्रीय विद्यालय, जवाहर नवोदय विद्यालय, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना का दायित्व सौंपा गया है।

### किसको क्या जिम्मेदारी सौंपी गई



सहायक कलेक्टर श्रीकृष्णा सुशीर को जनपद पंचायत खंडवा के सीईओ के साथ सीएम मॉनिट, सीएस मॉनिट, शिकायत शाखा, मंत्रीगण एवं जनप्रतिनिधियों से प्राप्त शिकायतें, जिला सतर्कता शाखा, जन शिकायत निवारण और जिला सतर्कता अधिकारी के कार्यों का दायित्व दिया गया है। अपर कलेक्टर के आर बडोले को जिले की कानून व्यवस्था, अपर जिला दंडाधिकारी, नागरिकता अधिनियम, पासपोर्ट, विदेशी नागरिकता, आवश्यक वस्तु अधिनियम, आर्म्स एक्ट, मुख्यमंत्री कृषक कल्याण योजना, हिट एंड रन पीड़ित प्रतिकर योजना, सोनोग्राफी सेंटर्स की जांच, औद्योगिक सुरक्षा, होमगार्ड, नगर सुरक्षा, शहर की संपूर्ण कानून व्यवस्था और थानों का त्रैमासिक निरीक्षण, दुकान एवं स्थापना अधिनियम, संपत्ति विरूपण अधिनियम, कोलाहल नियंत्रण अधिनियम, ड्रग एवं कॉस्मेटिक अधिनियम, पेट्रोलियम, सिनेमैटोग्राफी, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, खाद्य सुरक्षा अधिनियम, प्रेस एंड रजिस्ट्रेशन ऑफ बुक्स अधिनियम, केबल टीवी नेटवर्क रेगुलेशन अधिनियम, साइबर कैफे पंजीयन, विस्फोटक अधिनियम, अग्निशमन, अल्प बचत शाखा, गरीब परिवारों की अपीलों का निराकरण, श्रम विभाग, मुख्यमंत्री संबल योजना, एसिड विक्रय, पटाखा दुकानों की अनुज्ञप्ति और कोषालय निरीक्षण के दायित्व सौंपे गए हैं।

### इन अफसरों को भी दी जिम्मेदारी

अपर कलेक्टर अरविंद चौहान को शांति समिति का नोडल अधिकारी बनाया गया है। उन्हें वन विभाग, सड़क सुरक्षा समिति, परिवहन समिति, खेल विभाग, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सैनिक कल्याण शाखा, गृह निर्माण मंडल, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, सड़क विकास निगम और बीएसएनएल से संबंधित कार्यों की जिम्मेदारी दी गई है। संयुक्त कलेक्टर ऋषि कुमार सिंघई को अनुविभागीय अधिकारी एवं अनुविभागीय दंडाधिकारी खंडवा का प्रभार दिया गया है। वे कृषि उपज मंडी खंडवा के भार साधक अधिकारी भी रहेंगे। संयुक्त कलेक्टर निकिता मंडलोई को उपसंचालक सामाजिक न्याय और अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत का प्रभार सौंपा गया है। प्रभारी डिप्टी कलेक्टर दिनेश सावले को उप जिला निर्वाचन अधिकारी सामान्य एवं स्थानीय निर्वाचन, नजूल अधिकारी, परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण, मंडी निर्वाचन, मुख्यमंत्री घोषणाओं की कार्यवाही, लोक सेवा गारंटी अधिनियम, समाधान ऑनलाइन, सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई, धर्मस्व शाखा, भू अभिलेख, रेड क्रॉस, भू अर्जन, सूचना का अधिकार, राहत शाखा और मानव अधिकार आयोग से संबंधित कार्य सौंपे गए हैं। प्रभारी डिप्टी कलेक्टर बजरंग बहादुर को रेलवे स्टेशन, जीआरपी, बैंक वसूली, जनगणना शाखा तथा खंडवा नगरीय क्षेत्र की कानून व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं डिप्टी कलेक्टर मुकेश काशिव को ओंकारेश्वर मंदिर में दर्शन व्यवस्था के सुचारू संचालन का दायित्व सौंपा गया है।